# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर : 452 001

क्रमांक : परीक्षा / स्ववित्त / 2025 / 582 दिनांक :- 25 SEP 2025

**(विद्यार्थी निर्देशो के बिन्दु क्रमांक तीन के अनुसार पात्रता एवं पाठ्यक्रम पूर्ण करने की समयावधि इत्यादि का अवलोकन करने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें। अपात्र एवं निर्धारित समयावधि के पश्चात् सम्मिलित होने वाले विद्यार्थीयों का परीक्षा परिणाम अघोषित होकर शून्य होगा।)**

## / /अधिसूचना/ /

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर के स्ववित्त आधारित एम.एस.सी. (सी.एस.), एम.एस.सी. (आय.टी.), एम.एस.सी. (बायोटेक्नालॉजी) तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाऐं नवम्बर 2025 में होना प्रस्तावित है। उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के नियमित / ए.टी.के.टी परीक्षार्थियो के **परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से ऑनलाईन भरे** जाना हैं। इस हेतु अन्य जानकारी के लिए समन्वयक एम.पी.ऑनलाईन (आई.आई.पी.एस. खण्डवा रोड़,) से सम्पर्क करे।

उपरोक्त समस्त परीक्षार्थीयों के परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने की तिथियां निम्नानुसार होगीः–

| क्र. | शुल्क विवरण | छात्र द्वारा महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन–पत्र / ऑनलाईन आवेदन पर एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क पर आवेदन–पत्र जमा कर उसका प्रिन्ट आउट आवश्यक प्रपत्र के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की तिथि | महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र / ऑनलाईन आवेदन पर ऑनलाईन प्रिन्ट आवश्यक प्रपत्र के साथ विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | बिना विलम्ब शुल्क के | दिनांक 14 / 10 / 2025 तक | दिनांक 18 / 10 / 2025 तक |
| 2 | विलम्ब शुल्क रू 100 / – सहित | दिनांक 17 / 10 / 2025 तक | |
| 3 | कुलगुरू महोदय की विशेष अनुमति से विलम्ब शुल्क रू 750 / – सहित | दिनांक 24 / 10 / 2025 तक | दिनांक 27 / 10 / 2025 तक |
| 4 | **परीक्षा प्रारंभ होने के पांच दिन पूर्व तक पूर्णतः अंतिम रूप से कुलगुरू जी की विशेष अनुमति से विलंब शुल्क रू. 1000 / – सहित परीक्षा आवेदन पत्र उपरोक्त प्रक्रिया अनुसार ही जमा किये जा सकेंगे, जिन्हे संस्थान जमा होने के दूसरे दिन विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेंगे। (परीक्षा कार्यक्रम अनुसार लागू)** | | |

परीक्षा आवेदन–पत्र भरे जाने के संबंध में निम्न निर्देशो का पालन सुनिश्चित किया जावे।

(1) परीक्षार्थियों का परीक्षा शुल्क विवरण संलग्न है।

(2) आवेदन–पत्र / प्रिन्टआउट के साथ अपने पूर्ववर्ती सेमेस्टर की समस्त अंकसूची की प्रतिलिपि आवश्यकरूप से संलग्न करें। महाविद्यालय / संस्थान अभिलेख संलग्न होने का सुनिश्चित होने के पश्चात् ही आवेदन / प्रिन्टआउट विश्वविद्यालय की ओर अग्रेषित करें। यह महाविद्यालय / संस्थान की जिम्मेदारी होगी।

(3) परीक्षार्थी अगले सेमेस्टर की नियमित परीक्षा में तब ही सम्मिलित हो सकेगा जब उसकी समस्त सेमेस्टर मिलाकर ए.टी.के.टी. की संख्या चार या चार से कम होगी। ए.टी.के.टी. की संख्या चार से अधिक होने पर छात्र परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अपात्र होगा। संस्थान यह सुनिश्चित करे की अपात्र परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो, यह संस्थान प्रमुख की जिम्मेदारी होगी। संस्थान द्वारा ऐसे परीक्षार्थियो का परीक्षा आवेदन ऑनलाईन अनुमोदित नहीं किया जावें। विद्यार्थी भी आवेदन के पूर्व नियमानुसार पात्रता का परीक्षण आवश्यक रूप से कर ले। अपात्र विद्यार्थी परीक्षा आवेदन नही भरें।

(4) परीक्षा आवेदन के प्रिन्ट आउट जमा करने के संबंध में स्पष्ट किया जाता हैं कि परीक्षार्थी द्वारा अपने संस्थान में आनॅलाईन प्रिंट आउट जमा नहीं करने पर संस्थान की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने स्तर पर छात्र के ऑनलाईन आवेदन का प्रिंट आउट निकलवाकर सत्यापित कर अवश्य अभिलेख के साथ विश्वविद्यालय कार्यालय में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें अन्यथा विलम्ब शुल्क के साथ ही प्रिंट आउट स्वीकार किया जावेगा।

(5) जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरे जा रहे हैं उनके आंतरिक अंक एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगे। अन्य माध्यम से प्राप्त आंतरिक अंकों पर विचार नहीं किया जावेगा इस संबंध में अनावश्यक पत्राचार भी नहीं करें।

अविरत....2

(6) उपाधियों के नामकरण कार्यालयीन परिपत्र क्रमांक शैक्षणिक/उपाधि/05/938 दिनांक 10/05/2005 अध्याधीन रहेंगे।

**संकलित शुल्क तालिका इस प्रकार रहेगी**

| क्र. | संकलित शुल्क | स्नातकोत्तर स्तर (पी.जी.) |
|---|---|---|
| 1 | समस्त विषयो के लिए | रू. 4200/- |
| 2 | ए.टी.के.टी. (एक विषय के लिए ) | रू. 1400/- |
| 3 | ए.टी.के.टी. (दो विषय के लिए ) | रू. 2300/- |
| 4 | ए.टी.के.टी. (दो से अधिक विषयों के लिए) | रू. 4200/- |

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठा. क्रः परीक्षा/स्ववित्त/2025/582 दिनांक :- 25 SEP 2025

प्रतिलिप :-

1. श्रीमान सम्पादक महोदय, दैनिक -----------------------------इन्दौर की और भेजकर निवेदन है कि वे इस समाचार को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित कर अनुग्रहित करें।
2. समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, संबंधित महाविद्यालय की और सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु इस निवेदन के साथ अग्रेषित की वे उपरोक्त कॉलम चार में दर्शायी तिथि को परीक्षा आवेदन-पत्र विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करवायेंगे। निर्धारित तिथि के बाद विश्वविद्यालय कॉलम दो के शुल्क के साथ आवेदन-पत्र मान्य नहीं करेगा।
3. संकायाध्यक्ष, छात्र-कल्याण,
4. समस्त अधिकारी, अनुभाग अधिकारी,
5. कुलगुरू के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक,
6. परीक्षा/गोपनीय विभाग के संबंधित सहायक
7. प्रभारी आई.टी.सेन्टर,

— **देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर**

8. **प्रभारी एम.पी.ऑनलाईन की ओर इस आशय के साथ की अपात्र विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र नही भर सके इस हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।**
9. प्रभारी टंकण-कक्ष
10. पूछताछ कक्ष, की और सूचनार्थ अग्रेषित।
11. शाखा प्रबंधक विश्वविद्यालय प्रागंण शाखा, स्टैट बैंक ऑफ, इण्डिया

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**

E/Shiva Rana/A 2015/250925/01